तापमान
अधिकतम 27 .3 डिग्री
न्यूनतम 10 .2 डिग्री

हरिभूमि
रोहतक भूमि
रोहतक, मंगलवार, 25 फरवरी 2025

11 सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने को ..

12 भाई ने बहन की कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या

खबर संक्षेप

चोरी की वारदात में तीन आरोपी गिरफ्तार
रोहतक। पुलिस ने ट्यूबल पंखा चोरी की वारदात में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है। उप पुलिस अधीक्षक सदर ऋषभ सोढी ने बताया कि गांव सांघी निवासी दीपक की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 22 फरवरी को दीपक अपने खेत में गया तो उसे ट्यबूल से पंखा व बैंड दोनों नहीं मिले। जांच के दौरान 23 फरवरी को आरोपी इंतजार, नरसी व प्रवीण निवासी जसिया को गिरफ्तार किया गया है।

आंबेडकर चौक से पास से बाइक चोरी, केस दर्ज
रोहतक। आंबेडकर चौक से पास से एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। आर्य नगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुलदीप ने बताया कि वह गांव गांधरा का रहने वाला है। मैं किसी काम से 18 फरवरी को आंबेडकर चौक पर आया था। मैंने वहां पर मोटरसाइकिल खड़ी कर दी। जब मैं वापिस आया तो मेरी बाइक चोरी हुई मिली। पुलिस ने चोरी का केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

महिला के साथ 11,500 रुपये की धोखाधड़ी, केस
रोहतक। प्रेम नगर की महिला से 11500 रुपये की धोखाधड़ी कर ली। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकातय में पीड़ित रेनू ने बताया कि 22 फरवरी को एक फोन आया और वह अपने आपको को दूरसंचार विभाग का आफिसर बताकर बात करने लगा। फिर उसने कहा कि आपका मोबाइल नंबर बंद होने वाला है। आपकी आईडी के साथ कोई धोखाधड़ी हुई है।

साइट पर रेट व रिव्यू करने के नाम पर फ्राड
रोहतक। पुलिस ने होटल की साइट पर रेट व रिव्यू करने के नाम पर 304510 रुपये की धोखाधड़ी करने की वारदात में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया है। आर्य नगर थाना प्रभारी सुलेंद्र सिंह ने बताया कि दीपिका की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि 15 नवंबर 2024 को दीपिका के पास एक व्हाटसएप आया जिसने कहा कि होटल की साइट पर रेट और रिव्यू करने के पैसे दिए जाएंगे। जिसके बाद दीपिका को टेलीग्राम का एक लिंक दिया गया और होटलों के लिंक भेजे गए।

मुख्यमंत्री ने ओल्ड आईटीआई में मेयर प्रत्याशी रामअवतार एवं 22 पार्षद उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा

कांग्रेस की जड़ें हिली, केवल ट्वीट पार्टी बनी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला

- जनसभा में पहुंचे सीएम नायब सैनी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस की जड़े हिल चुकी
- भाजपा सरकार के हरियाणा में गौरवशाली 100 दिन पूरे
- संकल्प पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 15 हजार 230 लोगों को प्लॉट दिए

रोहतक। ओल्ड आईटीआई में जनसभा को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एवं जनसभा में मौजूद कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि कांग्रेस की जड़े हिली हुई हैं। वह केवल टविट पार्टी बनकर रह गई है। कांग्रेस के नेता एसी रूम की राजनीति करते हैं, धरातल पर उनकी कोई पकड़ नहीं है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को रोहतक में थे। उन्होंने ओल्ड आईटीआई में जनसभा को सम्बोधित किया और मेयर रामअवतार वाल्मीकि एवं भाजपा पार्षद उम्मीदवारों के लिए समर्थन मांगा।

जो कहा, वह किया
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले दिनों भाजपा सरकार के हरियाणा में गौरवशाली 100 दिन पूरे हुए। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में जो भी वादे किए थे, वे उन्हें पूरा कर रहे हैं। विपक्ष कहता है भाजपा ने कुछ नहीं किया, लेकिन विपक्ष को जमीनी हकीकत नहीं पता। भाजपा ने वादे के अनुसार हर मेडिकल कॉलेज और सरकारी अस्पताल में डायलिसिस की मुफ्त सुविधा दी। आज 15 लाख से ज्यादा महिलाओं को 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जो भी पात्र महिला हो सभी को योजना से जोड़कर 500 रुपये में गैस सिलेंडर दिया जाए। हम अपने वादे पर खरे उतरते हैं।

ये रहे मौजूद
ओल्ड आईटीआई मैदान की जनसभा में प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, निवर्तमान मेयर मनमोहन गोयल, जिला प्रभारी सतेन्द्र परमार, जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह ढ़ाका, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक प्रदीप जैन, जिला परिषद चेयरमैन मंजु हुड्डा, प्रतिभा सुमन, ओमप्रकाश बागड़ी, राजकमल सहगल, अमरजीत सिंह सोलंकी, अशोक रंगा, पूर्व विधायिका सरिता नारायण, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजकुमार सुनारिया आदि मौजूद रहे।

नौकरी में रोड़ा अटकाया
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनसभा में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने युवाओं की नौकरी में रोड़ा अटकाया। हम सरकारी नौकरी दे रहे थे और कांग्रेस के नेताओं ने आयोग में शिकायत कर दी। इससे युवाओं में भय पनप गया। युवाओं ने कांग्रेस को सबक सिखाया और सत्ता से बेदखल कर दिया। भाजपा ने युवाओं से नौकरी का वादा किया था, सरकार बनते ही मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ बाद में ली, पहले 25 हजार से ज्यादा युवाओं को नौकरी दी। हरियाणा के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में युवाओं को बिना पर्ची, बिना खर्ची नौकरी मिली।

35 लाख हैप्पी कार्ड बनाए
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने जिन लोगों की इनकम सालाना 1 लाख रुपये है उनके हैप्पी कार्ड बनवाए। अब ऐसे पात्र लोग हरियाण रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा करते हैं, उन्हें किराया देने की जरूरत नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मातृभाषा सत्यागृहियों की पेंशन 15 हजार से बढ़ाकर 20 हजार रुपये की गई है। इसके अलावा भाजपा सरकार ने तीर्थ यात्रा योजना के तहत हर जिले से कुंभ के लिए बसें भी चलाई। लोग मुफ्त में धार्मिक स्थलों का भ्रमण करते हैं। सीएम ने कहा कि हमने अवैध कॉलोनियों को वैध किया, इससे जनता को डायरेक्ट लाभ हुआ।

गरीबों को प्लॉट दिए पटेदारों को मालिक बनाया
जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के अनुसार मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 15 हजार 230 लोगों को प्लॉट दिए। प्रक्रिया अब भी जारी है और पात्र लोग फार्म भर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पटेदार किसानों को जमीन का मालिकाना हक भी दिया। पंचायती भूमि पर जिन लोगों के5 मकान 20 साल से ज्यादा समय से बने हुए हैं, ऐसे परिवारों को इस मकान का मालिक बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला राज्य है जहां किसानों की सभी 24 फसलें एमएसपी पर6 खरीदी जा रही हैं।

आढ़तियों का कमीशन बढ़ाया
मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने आढ़तियों का भी ध्यान रखा। पहले आढ़तियों का कमीशन 46 रुपये प्रति क्विंटल था उसे बढ़ाकर 55 रुपये किया गया। इसके अलावा पात्र लोगों के घरों पर सोलर पैनल लगवाए जा रहे हैं। एक पैनल लगवाने में 1 लाख 10 हजार रुपये का खर्च आता है, इसमें से 80 हजार रुपये केंद्र की मोदी सरकार दे रही है, बाकि के रुपये हरियाणा सरकार वहन कर रही है। पैनल लगने के बाद बिजली बिलों से छुटकारा मिलेगा।

रोहतक। मेयर पद के उम्मीदवार रामअवतार वाल्मीकि एवं 22 पार्षद पद के उम्मीदवारों के लिए जनसभा को सम्बोधित करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी। फोटो: हरिभूमि

कई नेताओं ने भाजपा का दामन थामा
बेरी ब्लॉक से गोच्छी निवासी 2005 से 2010 तक चैयरमेन रहे जसवीर अहलावत ने मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन की। जसवीर अहलावत ने बीजेपी की नीतियों व कार्य शैली में विश्वास रखते हुए मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी की उपस्थिति में बीजेपी ज्वाइन की। इसके अलावा रोहताश सैनी, रमेश सैनी, संदीप न्योली, राकेश सैनी, जितेंद्र दलाल व रामफल बैरागी सहित कई दर्जन लोगों ने भाजपा ज्वाइन की।

रोहतक। अन्य पार्टियों से आए नेताओं को भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन करवाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली। फोटो: हरिभूमि

भाजपा ने बिछाई बिसात, कांग्रेस के लिए संकल्प पत्र का चक्रव्यूह तैयार
रोहतक। भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को संकल्प पत्र जारी किया। इसके साथ ही भाजपा नगर निगम चुनाव भी विधानसभा चुनाव की तर्ज पर लड़ने के लिए खुलकर मैदान में आ गई है। मुख्यमंत्री ने रोहतक स्थित भाजपा मंगल कमल प्रदेश कार्यालय में नगर निगम चुनाव के लिए संकल्प पत्र जारी करके बिसात बिछा दी है। संकल्प पत्र में हरियाणा एक-हरियाणवी एक की झलक साफ दिख रही है। जिन विधानसभाओं में भाजपा के विधायक नहीं है, वहां भी विकास की नई इबारत खींचने के लिए भाजपा ने संकल्प लिया है। भाजपा ने कांग्रेस के लिए चक्रव्यूह रच दिया है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में जिस तरह के वादे किए हैं उससे साफ है कि हर शहर और गांव की तस्वीर बदलने वाली है। संकल्प पत्र में महिलाओं पर विशेष फोकस किया गया है। महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट का वादा, उस टॉयलेट में सेनेटरी नैपकीन वेंडिंग मशीन और शिशु आहार कक्षों की सुविधा सोने पर सुहागे का काम करेगी। विधानसभा चुनाव में जिस तरह संकल्प पत्र जारी किया उसी तरह इस संकल्प पत्र में भी हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। युवा, किसान, गरीब परिवार, छात्र, सफाई कर्मचारी सभी की स्थिति और मजबूत करने के लिए भाजपा ने संकल्प लिया है। भाजपा ने संकल्प पत्र में कचरा निस्तारण से लेकर हर बूथ पर ऑनलाइन सेवा केंद्र खोलने, सीवरेज और पानी का मुफ्त कनेक्शन, नगर निगमों को टैक्स और फीस तय करने की शक्ति देने की घोषणा करके कांग्रेस की चिंता बढ़ा दी है।

गोल्ड लोन कंपनी के मैनेजर समेत तीन गिरफ्तार, 25 पैकेट गोल्ड लेकर हुए थे फरार

- 25 पैकटे में कुल सोना करीब 1810 .88 ग्राम था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में।

पुलिस ने गोल्ड लोन कंपनी कलानौर में मैनेजर द्वारा 25 पैकेट सोना लेकर फरार होने की वारदात में आरोपी मैनेजर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियो को कोर्ट में पेश करके 5 दिन के रिमांड लिया गया है। कलानौर थाना प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया कि 15 दिसंबर 2024 को राजीव ऐरिया मैनेजर कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड की शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच शुरु की गई। जांच में सामने आया कि कैपरी ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड यह एक गैर बैंकिग कंपनी है जो भारतीय रिजर्व बैंक के एक्ट 1934 के तहत पंजीकृत है। गैर बैंकिग वित्य वैवसाय गोल्ड लोन का संचालन करने के लिए लाइसेंस प्राप्त है। 22 जून 2022 को कुलदीप निवासी सांजरवास ने बतौर बैंक मैनेजर ज्वाइन किया था। ब्रांच मनैजर तथा सहायक ब्रांच मैनेजर कि सहायता से सोने के मार्केट भाव और लिपिक कर्मचारियों की सहायता से कंपनी के मामलों का प्रबंधन करता है। ब्रांच की दो चाबिया है जो एक कुलदीप व दूसरी मधु एसआरओं के पास थी। 11 दिसंबर 2024 को कुलदीप सोने के 14 पैकट यह करहक ले गया कि वह नीलामी के लिए दूसरी ब्रांच में लेकर जा रहा है। 12 दिसंबर 2024 को सोने के 11 पैकट दूसरी ब्रांच में जमा करवाने के नाम पर ले गया। 13 दिसंबर 2024 को ब्रांच में ऑडिट वाले आने पर कुलदीप कुछ देर बाद ब्रांच से बाहर चला गया। 25 पैकटे में कुल सोना करीब 1810.88 ग्राम था। जांच प्रभारी शहर कलानौर पुलिस चौकी राकेश द्वारा अमल में लाई गई। जांच के दौरान 23 फरवरी को आरोपी कुलदीप, प्रवीण निवासी सांजरवास व साहिल निवासी बौंद कलानं जिला दादरी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रवीण और साहिल, कुलदीप के चाचा व मौसी के लड़के है। जांच में सामने आया कि आरोपी कुलदीप ने अपने दोनों भाइयो के साथ मिलकर गोल्ड को दादरी, भिवानी में फाइनेंस कम्पनी व अन्य बैंकों में गोल्ड को गिरवी रखकर उस पर लोन ले लिया। कुलदीप ने अपने नाम से दादरी में दो जगह से साढ़े 14 लाख रुपये का, प्रवीण ने भिवानी व दादरी में 17 लाख 70 हजार का व साहिल ने 21 लाख रुपये, गोल्ड को गिरवी रखकर लिए है।

मदवि: टैगोर सभागार को निकाय चुनाव प्रशिक्षण के लिए किया गया अधिग्रहित

रोहतक। जिलाधीश धीरेंद्र खड़गटा ने हरियाणा रिकविजीशन एंड एक्वीजीशन ऑफ प्रॉपर्टी एक्ट 1973 के प्रावधान के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के टैगोर सभागार को जनहित में 27 फरवरी 2025 के लिए अधिग्रहित करने के निर्देश जारी किए है। जारी निर्देश के तहत टैगोर सभागार को तुरंत प्रभाव से नगर निगम आम चुनाव के प्रशिक्षण प्रभारी-कम-महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक को सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम आम चुनाव 2025 के लिए टैगोर सभागार में 27 फरवरी को मतदान पार्टियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त
जिलाधीश द्वारा जारी दूसरे आदेश के तहत जिला की तहसील सांपला के गांव कारौर की राजस्व संपदा में स्थित अनाधिकृत कॉलोनियों को गिराने के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत सांपला के नायब तहसीलदार को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। धीरेंद्र खड़गटा द्वारा जारी दूसरे आदेश के तहत जिला के गांव घुसकानी में ग्राम पंचायत बनाम सुरेंद्र व अन्य के मामले में कब्जा कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए रोहतक के तहसीलदार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी तीसरे आदेश के तहत जिला के गांव मसूदपुर में हरिराम बनाम ईश्वर सिंह के मामलें में कब्जा कार्रवाई के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कलानौर के तहसीलदार को डयूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों के तहत पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिला पुलिस सहित पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

बार काउंसिल पंजाब, हरियाणा के चेयरमैन डॉ विजेंद्र ने भेजा चुनाव आयोग को पत्र

28 फरवरी को होगा मतदान

ईवीएम से ही होगा रोहतक बार एसोसिएशन का चुनाव

बार एसोसिएशन हॉल में तैयारियों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला बार एसोसिएशन के चुनाव ईवीएम द्वारा करवाए जाएंगे। इससे पहले जिला प्रशासन ने नगर निगम चुनाव को देखते हुए ईवीएम मुहैया करवाने के लिए सहमति नहीं दी थी। अब बार काउंसिल पंजाब हरियाणा के चेयरमैन डॉ विजेंद्र सिंह अहलावत ने जेल, पर्यटन एवं चुनाव कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा और चुनाव आयुक्त धनपत सिंह को पत्र भेजा है। इसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से ईवीएम मुहैया करवाने के लिए आदेश जारी किए गए हैं। 28 फरवरी को जिला बार एसोसिएशन में प्रधान, उप प्रधान, महासचिव, संयुक्त सचिव और लाइब्रेरियन के पद पर चुनाव होने हैं। इसके लिए चुनाव कमेटी द्वारा प्रशासन से मुलाकात कर ईवीएम मांगी गई हैं। साथ ही आधार कार्ड स्कैनिंग मशीन की डिमांड की गई है। ऐसा इसलिए ताकि चुनाव के दौरान मतदान करने आने वाले व्यक्ति के आधार कार्ड की जांच हो सके। साथ ही प्रशासन से चुनाव के लिए पुलिस व्यवस्था करवाने के लिए मांग की गई है। आयोग को भेजे गए पत्र के बाद गुरुग्राम, रोहतक और फरीदाबाद में भी चुनाव ईवीएम से हो सकते हैं।

पत्राचार के बाद स्थित स्पष्ट
बार काउंसिल द्वारा प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा एवं चुनाव आयोग से पत्राचार किया गया है। इसके बाद सहमति हुई है कि रोहतक बार एसोसिएशन चुनाव ईवीएम से करवाए जाएंगे। जिला प्रशासन से मुलाकात कर ईवीएम की डिमांड की गई है। -प्रदीप मलिक, चुनाव अधिकारी रोहतक

हरिभूमि सहेली

नन्हे बच्चों के हाथों में मोबाइल होने से वे बहुत कुछ ऐसा देख-सुन रहे हैं, जिससे उनके मन की सुकोमलता-मासूमियत खत्म हो रही है, बचपना छीज रहा है, वे समय से पहले परिपक्व हो रहे हैं। इस तरह बच्चों का स्वाभाविक नैसर्गिक विकास प्रभावित हो रहा है। ऐसे में बच्चों की परवरिश कैसे हो, अभिभावकों को यह समझना बहुत जरूरी है।

गुम होती बचपन की मासूमियत

कवर स्टोरी

अंशु सिंह

जीवन के सबसे अनमोल पल होते हैं बचपन के। यह जिंदगी का सबसे खूबसूरत और मासूम समय होता है। तभी तो वयस्क होने पर भी हम अपने अंदर के बच्चे को जीवित रखना चाहते हैं, ताकि उसी आनंद का अनुभव कर सकें। लेकिन आज बच्चों का बचपना, उनकी मासूमियत कहीं गुम-सी हो गई है। उनकी सोच और बोल में सयानापन साफ झलकता है।

बदल गया लालन-पालन का तरीका

हर पीढ़ी एक-दूसरे से भिन्न और आगे होती है। एक समय था, जब बड़े-बुजुर्ग छोटे बच्चों को खाना खिलाने के लिए उनके सामने थाली में चावल फैला दिया करते थे। बच्चा अपने तरीके से उसे खाने की कोशिश करता था। थाली के बाहर चावल बिखरे होते थे। वह उन्हें भी चुन-चुन कर खाने का प्रयास करता था। लेकिन आज ऐसा नहीं है। स्मार्टफोन के जमाने में दो से तीन वर्ष के बच्चों के हाथों में भी मोबाइल होता है, जिसे देखते हुए वे

खाना खाते हैं। इतना ही नहीं, खुद माताएं भी स्मार्टफोन में कार्टून या राइम्स लगाकर बच्चों को खाना खिलाती दिखाई दे जाती हैं। फिर चाहे वह घर हो या कोई रेस्तरां। नन्हे-नन्हे नाजुक हाथों में वजनदार मोबाइल फोन अब एक आम बात हो गई है। नतीजा यह हुआ है कि बहुत कम उम्र से बच्चों को मोबाइल फोन देखने की लत लग जाती है। इससे आगे चलकर उनका पूरा व्यक्तित्व प्रभावित होने लगता है।

स्मार्टफोन ने बदला बच्चों का व्यवहार

छह वर्षीय अनिकेत की मां रोशनी को यह समझने में वक्त लगा कि मोबाइल पर वीडियो गेम्स, रील्स आदि की लत के कारण कैसे बेटे का व्यवहार भी क्षण-क्षण बदलता रहता था। जब वह किसी मोबाइल गेम में डूबा रहता था, तो किसी की नहीं सुनता था। पैरेंट्स की हिदायतों को अनसुना करना आम बात हो चुकी थी। परंतु जब वह किसी सामान्य गतिविधि में लिप्त रहता, खेल या ड्राइंग कर रहा होता, तो उसकी बातों और व्यवहार में मासूमियत होती थी। यानी कहीं न कहीं इंटरनेट और सोशल मीडिया से मिलने वाली गैर-जरूरी सूचनाएं, उसके मन-मस्तिष्क पर गहरा असर डाल रही थीं। उसकी बोली में कड़वाहट, गुस्सा और आक्रोश भर रहा था। सहनशक्ति क्या होती है, वह तो उसे मालूम ही नहीं था। रोशनी ने तय किया कि वह बेटे के सामने मोबाइल फोन नहीं देखेगी या कम से कम देखेगी, ताकि उसे कोई गलत संदेश न जाए।

पैरेंट्स को देखकर बनती है आदत

हम सभी जानते हैं कि छोटे बच्चे का मन कच्ची मिट्टी-सा होता है। वे अपने बड़ों और पैरेंट्स को जो भी करते देखते हैं, वैसा ही खुद करने की कोशिश करते हैं। इन दिनों वयस्क किस तरह से मोबाइल फोन की गिरफ्त में हैं, यह सच किसी से छिपा नहीं है। किशोर उम्र बेटे के पिता और फिल्ममेकर अभिजीत सिन्हा कहते हैं, '2010 के आस-पास से बाजार में सस्ते स्मार्टफोन और सेललुर डाटा की उपलब्धता बढ़ती गई। घर-घर में स्मार्टफोन पहुंच गया, बड़ों के साथ बच्चों की दुनिया बदल गई। उनके आपसी रिश्ते बदल गए। संवाद कम हो गया। बच्चे जल्दी

बोर होने लगे और मोबाइल उनका साथी बन गया। ऐसा नहीं है कि उससे पहले बच्चों के पास मनोरंजन के कोई साधन नहीं थे। 80 के दशक में टीवी पर बच्चों को लेकर अनेक शो आते थे, जिनका वे बेसब्री से इंतजार भी करते थे। उन शोज का कंटेंट संस्कार देने वाले और ज्ञानवर्धक होता था। कार्यक्रम बच्चों की उम्र को ध्यान में रख कर तैयार किए जाते थे। उनमें हिंसा, वयस्क थीम की कोई जगह नहीं होती थी। आज इंटरनेट के जमाने में बच्चों के पास हर प्रकार की सामग्री पहुंच जा रही, जो उन पर गलत प्रभाव भी डालती है। वे संवेदनहीन हो रहे हैं।'

शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा छीन रहा बचपन

निजी स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षिका अनाइवा की माने, तो छोटे बच्चों की मासूमियत गुम होने का एक और प्रमुख कारण है, शिक्षा जगत में बढ़ती प्रतिस्पर्धा। अंकों का दबाव। पहली-दूसरी कक्षा से ही एक प्रतिस्पर्धा सी शुरू हो जाती है। दूसरे बच्चों से तुलना की जाने लगती है। पैरेंट्स ही अपने बच्चों से सवाल करने लगते हैं कि क्लास के अमुक स्टूडेंट ने इतने अच्छे अंक लाए, तो आप क्यों नहीं ला सकते या सकतीं? बच्चों में परीक्षा का डर कुछ ऐसे भर दिया जाता है कि वह खेलना-कूदना या दोस्तों से मिलना-जुलना सब छोड़ देता है। इससे कम आयु में ही व्यक्तित्व में गंभीरता और सयानापन झलकने लगता है। एग्जाम की थोड़ी भी तैयारी कम हुई या टेस्ट में नंबर कम आएं, तो बच्चे इतने अधिक भावुक हो जाते हैं मानो आगे जीवन में करने को कुछ बचा ही न हो। यह सब अभिभावकों और पीयर ग्रुप के दबाव के कारण ही होता है। इससे उनका कोमल मन आहत होता है और वे कुछ कह भी नहीं पाते। मशहूर शायर निदा फाजली कहा करते थे, 'बच्चों के छोटे हाथों को चांद सितारे छूने दो, चार किताबें पढ़कर ये भी हम जैसे हो जाएंगे।'

बच्चे को दें मन की करने की आजादी

डॉ.आरती आनंद
क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट

21वीं सदी में सब कुछ इतनी जल्दी-जल्दी हो रहा है कि बच्चे खुद ही खुद के अभिभावक बन गए हैं। जो जानकारी अभिभावकों से जाननी चाहिए, वे जानकारी एलेक्सा और सोशल मीडिया से आसानी से मिल जाती है। ऐसे में अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चे को बच्चे ही रहने दें। असमय अनावश्यक अपेक्षाएं न पालें। उन्हें खेलने और अपने मन का करने की आजादी दें। अपनी महत्वाकांक्षाओं को कुछ समय किनारे रख, बच्चों के साथ प्यार से बातें करें, समय व्यतीत करें। आज ये सब नहीं हो पा रहा है। एकल परिवारों के पैरेंट्स के पास समय की कमी होती है। यही बच्चों के लिए बड़ी चुनौती बन जाती है और वे छोटी उम्र में बड़े हो जाते हैं।

पति-पत्नी के बीच तकरार-मतभेद होना कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन यह लंबे समय तक खींचे, बड़े विवाद को जन्म देकर अलग-अलग होने के रास्ते बनाने लगे तो बात बड़ी चिंता की हो जाती है। जरूरी है पति-पत्नी आपसी संवाद से बढ़ती दरार को पाटें, सामंजस्य बनाएं और मधुरता का समावेश कर, विवाह संबंध को प्रगाढ़ बनाएं।

बढ़ते तलाक के इस दौर में दांपत्य को कैसे बचाए रखें

मैरिड लाइफ

नम्रता नदीम

अपने दांपत्य को बचाए रखने के लिए मैं क्या कर सकती हूं?' शालिनी ने मैरिज काउंसलर से जानना चाहा। वह पैंतीस साल की है, दो बच्चों की मां है, एक बड़ी और नामी कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। इस लिहाज से आत्मनिर्भर है। लेकिन अपने वैवाहिक भविष्य को लेकर चिंतित है। बदलते समाज की तस्वीर में जो एक बहुत चिंताजनक स्थिति है, वह यह है कि तलाक की दर में उन समुदायों में भी निरंतर वृद्धि हो रही है, जिनमें विवाह समझौता (कांट्रैक्ट) नहीं बल्कि ऐसा संस्कार है, जो जन्मों तक कायम रहती है यानी धार्मिक दृष्टि से अटूट है। भले ही विधि ने कुछ शर्तों के साथ तलाक की अनुमति दे रखी है। हालांकि शालिनी की उसी व्यक्ति से शादी हुई है, जिससे वह प्यार करती थी, लेकिन संबंध कब नई करवट ले ले, आज के दौर में कुछ नहीं कहा जा सकता है। इसलिए शालिनी की चिंता को समझा जा सकता है। अच्छी बात यह है कि शालिनी अपनी शादी को बचाए रखना चाहती है, इसके लिए प्रयासरत है।

जरूरी है समस्या पर करें बात

गौरतलब है कि आत्मीय संबंधों में चिंताओं या समस्याओं पर वार्ता करना आज भी अच्छा नहीं समझा जाता है, लोग संकोच करते हैं या कहें उन्हें इस बात का डर रहता है कि कहीं विवाद और न बढ़ जाए। नतीजतन, जो लोग थोड़ी-सी बातचीत से अपने संबंध सुधार सकते हैं, वे जबरन खामोशी के कारण दुखी, परेशान और तनावग्रस्त रहते हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जब दो व्यक्तियों में आपस में प्यार होता है तो वह बराबरी के पायदान पर होते हैं। ऐसे में दोनों पार्टनर तय कर सकते हैं कि वह किस तरह से एक-दूसरे को देखें-समझें और व्यवहार करें। दोनों ही अपने संबंध को मिलकर सींचते हैं। यह बहुत जरूरी होता है। अनेक संबंध इसलिए खटाई में पड़ जाते हैं कि एक व्यक्ति को उस तरह से समझा या व्यवहार नहीं किया जाता, जिस तरह से वह चाहता है। ऊपर हम जिस शालिनी की बात कर रहे हैं, उसने यह सब कुछ देखा है। कॉलेज के दिनों में उसका एक दोस्त था, जो उसकी परवाह नहीं करता था। लेकिन शालिनी इस संबंध में इतने लंबे समय तक फंसी रही कि अन्य प्यार भरे विकल्पों को उसने तलाश ही नहीं किया।

संबंध बचाए रखने के तीन आसान रास्ते

विवाह या दांपत्य संबंध को बचाए रखने के लिए तीन बहुत ही आसान रास्ते हैं। अकसर नुकसान लापरवाही से होता है बजाय जान-बूझकर की गई क्रूरता से। इसलिए तीन बातों का ध्यान रखें।

जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें: पहली बात, अपने जीवनसाथी को उच्च वरीयता प्रदान करें। याद करें, आप जब अपनी शादी के शुरुआती दिनों में अपने पति

के फोन में 'फेवर्ड' सूची सबसे पहले देखा करती थीं, आपको एक सुख की अनुभूति होती थी कि ऐसी लिस्ट में आपका नाम सबसे पहला होता था। फोन लिस्ट लगभग बेवकूफी का पैमाना प्रतीत हो सकती है, लेकिन अगर आप दोनों अलग-अलग तरह से एक-दूसरे की वरीयता सूची को टॉप पर नहीं रखेंगे, तो इससे एक प्रकार का असंतुलन दिखेगा जो मधुर संबंध के लिए सही नहीं है।

ध्यान देकर सुनें: दूसरा रास्ता है ध्यान दें। जब एक ही पार्टनर ध्यान दे रहा हो तो क्या अनकही बातों को सुना जा सकता है, नहीं। इसलिए सुनें। तारीफ करने के लिए समय निकालें। इससे दोनों पार्टनर खुश रहते हैं।

एक-दूसरे को स्पेस दें: तीसरा और अंतिम रास्ता है कि एक-दूसरे को स्पेस दें। यह हो सकता है कि पार्टनर अब उतना अधिक चिंतित न होता हो, जितना आपकी शुरुआती मुलाकातों में हुआ करता था। इस नई स्थिति में आपकी प्रतिक्रिया बेचैनी या गुस्से वाली नहीं होनी चाहिए बल्कि हालात में, बातचीत में और समझौतों में भावुकता होनी चाहिए। इसका अर्थ होता है कि आप अपने पार्टनर को अच्छी तरह से समझती हैं। यानी, दांपत्य को प्रगाढ़ बनाने के लिए आप दोनों का साझा प्रयास जरूरी है।

घर पर ही करें पेडीक्योर पैर दिखेंगे सॉफ्ट-अट्रैक्टिव

स्किन केयर

नीलोफर

अपने चेहरे को सुंदर बनाए रखने के लिए तो हम कई तरह की चीजों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन कई बार अपनी कोहनियों, घुटनों, पैरों की सुंदरता को नजरअंदाज कर देते हैं। जबकि हमारे ओवरऑल लुक में सिर से पैर तक सभी का महत्व होता है। अगर पैरों की देख-भाल के प्रति जरा भी लापरवाही बरतेंगी तो ये भद्दे, रूखे और अनाकर्षक लगते हैं।

करें प्रॉपर केयर: शरीर के हर अंग की सफाई के साथ-साथ पैरों की त्वचा की देखभाल भी बहुत जरूरी है। पैरों की फटी एड़ियां, गंदे नाखून, जगह-जगह से कटे हुए नाखून पैरों के प्रति हमारी लापरवाही को प्रदर्शित करती है, जिसका हमारे व्यक्तित्व पर बुरा असर होता है। हाथों और पैरों की सुंदरता के लिए सैलून जाकर ज्यादा पैसे खर्च करने की बजाय आप घर पर ही मेनीक्योर और पेडीक्योर कर सकती हैं।

रिमूव करें नेल पॉलिश: पेडीक्योर करने के लिए सबसे पहले नाखूनों को अच्छी तरह काट लें और इन पर लगी हुई नेल पॉलिश को, नेलपॉलिश रिमूवर से साफ कर लें। इसके बाद इस पर फुट क्रीम लगाएं।

मसाज: पैरों की साफ-सफाई के बाद उसकी त्वचा को चमकीला बनाने के लिए मॉयश्चराइजर लेकर पैरों पर हल्की मसाज करें। इसके लिए आप इलेक्ट्रिक फुट मसाजर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। पैरों की मसाज के बाद इसकी चिकनाहट को किसी कॉटन से साफ कर लें।

डेड स्किन हटाएं: नेल पॉलिश रिमूव करने के बाद पैरों को पानी में भिगोएं। गुनगुने पानी में थोड़ा सा नमक डालकर उसमें थोड़ा शैंपू मिलाएं और कम से कम 10 मिनट पैरों को उसमें भिगोएं। ऐसा करने से नाखूनों के आस-पास की त्वचा नरम हो जाती है। अब पैरों को बाहर निकालकर पोंछ लें और इन्हें अच्छी तरह रगड़कर साफ करें। इससे डेड स्किन निकल जाती है।

नेल्स ट्रिमिंग: अपने नेल्स को अगर आप लंबे रखना चाहती हैं तो उनकी अच्छे से ट्रिमिंग करें। फुट फाइलर की मदद से नाखूनों के किनारों को साफ करें और प्यूमिक स्टोन से अपनी एड़ियों को रगड़कर साफ करें, जिससे डेड स्किन की सफाई हो सके।

नेल पॉलिश लगाएं: पेडीक्योर करने के बाद नाखूनों पर नेल पॉलिश लगाने से पहले एक बेस कोट लगाएं। इसके सूखने के बाद अपनी मनपसंद कलर की नेल पॉलिश लगाएं। जब पहला कोट सूख जाए, तब दूसरा कोट लगाएं। जब दूसरा कोट सूख जाए, उसके बाद नेल पॉलिश को कवरेज देने के लिए एक हल्का कोट लगाएं और इसे भी अच्छी तरह सूखने दें।

महिलाओं में पीसीओडी समस्या हार्मोनल डिसऑर्डर की वजह से होती है। ऐसा किन वजहों से होता है, पीसीओडी के मुख्य लक्षण क्या हैं, इससे बचाव और उपचार के तरीके के बारे में यहां डिटेल में बता रहे हैं।

अनहेल्दी लाइफस्टाइल से बढ़ती है पीसीओडी की प्रॉब्लम

मेडिकल एडवाइस

डॉ. श्वेता मेंदिरत्ता
एचओडी-ऑब्स्टेट्रिक्स, गायनेकोलॉजी
मैरिंगो एशिया अस्पताल, एनसीआर

पीसीओडी की प्रॉब्लम को पॉलीसिस्टिक ओवरी डिसऑर्डर कहते हैं। यह एक हार्मोनल डिसऑर्डर है। यह प्रॉब्लम 15 से 45 साल की उम्र तक की महिलाओं में किसी भी उम्र में हो सकती है। लेकिन जब प्यूबर्टी के बाद मेनार्की स्टेज यानी जब उन्हें पीरियड्स शुरू होते हैं, उस समय ज्यादा देखने को मिलता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में तकरीबन 20-25 प्रतिशत महिलाओं को पीसीओडी की प्रॉब्लम है।

कैसे होती है यह प्रॉब्लम: जब महिलाओं के शरीर में हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं तो पीसीओडी की प्रॉब्लम देखने को मिलती है। कहने का मतलब है कि उनके शरीर में फीमेल हार्मोंस एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन के बजाय मेल हार्मोंस टेस्टोस्टेरोन और एंड्रोजन का लेवल बढ़ जाता है। इससे उनकी ओवरी से हर महीने रिलीज होने वाले अंडे की प्रक्रिया गड़बड़ा जाती है। पूरी तरह मैच्योर न होने के कारण अंडे का ओवोल्यूशन नहीं हो पाता। इससे महिला का पीरियड साइकल अनियमित हो जाता है। अपरिपक्व अंडे ओवरी में छोटे-छोटे सिस्ट के रूप में बदल

जाते हैं, जिसकी वजह से महिला को कई तरह की प्रॉब्लम्स फेस करनी पड़ती हैं।

पीसीओडी के प्रमुख लक्षण: पीसीओडी को आप कुछ लक्षणों से पहचान सकती हैं, जैसे- पीरियड्स समय पर न आना, चेहरे पर अनचाहे बाल आना, सिर के बाल झड़ना, पिंपल्स होना, वजन बढ़ना और मूड स्विंग होना। आगे चलकर महिला में एनोव्यूलेशन की प्रॉब्लम हो सकती है, जिससे गर्भधारण में समस्या या इंफर्टिलिटी का खतरा भी हो सकता है। यहां बताए गए लक्षण दिखने पर आपको जल्द से जल्द स्त्री रोग विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए।

पीसीओडी होने के कारण:

- अनियमित दिनचर्या, समय पर खाना न खाना, देर से सोना।
- रेग्युलर एक्सरसाइज न करना।
- जंक फूड या प्रोसेस्ड फूड, ऑयली डाइट का ज्यादा सेवन।
- रूटीन लाइफ में स्ट्रेस में रहना।

ऐसे होता है डायग्नोज: आमतौर पर महिला के फिजिकल चेकअप से ही डॉक्टर पीसीओडी को डायग्नोज कर लेते हैं। ओवरी सिस्ट की जांच के लिए अल्ट्रासाउंड और हार्मोन लेवल का पता लगाने के लिए ब्लड टेस्ट किए जाते हैं।

ट्रीटमेंट का तरीका: पीसीओडी की समस्या को बढ़ने से रोकने के लिए मुख्य रूप से प्रिवेंटिव केयर स्ट्रेटजी यानी लाइफस्टाइल में बदलाव पर जोर दिया जाता है। महिला को सख्ती से हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाने, संतुलित-पोषक आहार का सेवन करने और वजन कंट्रोल करने की हिदायत दी जाती है। मरीज की स्थिति के हिसाब से नॉन-हार्मोनल दवाइयां दी जाती हैं, सुधार न आने पर हार्मोनल दवाइयों का कोर्स भी दिया जाता है।

बचाव है संभव: इन बातों पर करें अमल-

- पौष्टिक तत्वों से भरपूर संतुलित और सुपाचय आहार लें, जिसमें कार्बोहाइड्रेट और वसा के अलावा पर्याप्त मात्रा में फाइबर, विटामिंस और प्रोटीन हो।
- रिफाइंड खाद्य पदार्थ, कोल्ड ड्रिंक, पैक्ड जूस जैसी हाई शुगर ड्रिंक्स, ऑयली, प्रोसेस्ड और जंक फूड को खाने से बचें।
- फल, सब्जियां, दालें, अंकुरित अनाज, डेयरी प्रोडक्ट्स, मल्टीग्रेन और सूखे मेवों को आहार में शामिल करें।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

आजकल लोग घूमने के लिए एकसाथ ग्रुप टूर पर भी निकलते हैं। इस तरह की जर्नी के पीछे यही उद्देश्य होता है, रुटीन बिजी लाइफ से अलग थोड़ा एंज्वॉयमेंट हो जाए, एक ताजगी महसूस हो। आपका ग्रुप टूर सुहाना रहे, यादगार बने, इसके लिए जरूरी है आप कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें।

ग्रुप टूर के दौरान याद रखें कुछ एटिकेट्स

सजेशन

पूर्ति खरे

यात्राएं हमें नए अनुभव, ज्ञान और आनंद प्रदान कराती हैं। चूंकि यात्राएं हमें तरोताजा कर देती हैं, रोजमर्रा के कामों से बोर हो रही जिंदगी में उत्साह-उमंग पैदा करती हैं, इसलिए समय-समय पर हमें यात्राएं करते रहना चाहिए, चाहे परिवार के साथ या परिचितों के साथ ग्रुप में। लेकिन किसी भी तरह की यात्रा के दौरान खासतौर से ग्रुप टूर में हमें कुछ एटिकेट्स यानी शिष्टाचार का पालन जरूर करना चाहिए। यदि हम सफर के दौरान नीचे बताए गए कुछ बातों का ध्यान रखेंगे तो हम अपना ही नहीं, अपने साथी यात्रियों का सफर भी सुहाना बना देंगे। यदि आप भी अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों या दोस्तों के साथ टूर की तैयारी कर रही हैं तो इस दौरान कुछ बातों का विशेष ध्यान रखें-

घर जैसा व्यवहार न करें: जब हम ग्रुप में लंबी जर्नी कर रहे होते हैं, तो जगह-जगह होटल, धर्मशाला या लॉज में रुकते हैं। याद रखें, साथ रुकने वाले लोग आपके घर के सदस्य नहीं हैं, इसलिए इनके साथ एकदम घर जैसा व्यवहार करने से बचना चाहिए। हमें दूसरों के साथ प्रेम और सम्मान से पेश आना चाहिए। सामान्य शिष्टाचार का पालन करना चाहिए। दूसरों के साथ कमरा साझा करने से पहले उनकी अनुमति जरूर ले लेनी चाहिए।

साफ-सफाई का ख्याल रखें: ग्रुप टूर के दौरान हमें अपने आस-पास की साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखना चाहिए। हमें कूड़ा-कचरा सही जगह पर फेंकना चाहिए, दूसरों के साथ कोई खाने की चीज साझा करने से पहले अपने हाथ जरूर धो लेने चाहिए।

दूसरों का सम्मान करें: कभी-कभी ग्रुप टूर के दौरान हमारे साथ दूसरी संस्कृति, परंपरा और भाषा के लोग होते हैं। हमें सबसे प्रेम से पेश आना चाहिए, उनका सम्मान करना चाहिए। हमें दूसरों के साथ बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों को पूरा करने का भी हर संभव प्रयास करना चाहिए।

खान-पान का ध्यान रखें: यात्रा के दौरान हमें अपने खान-पान का ध्यान रखना चाहिए। हमें स्वच्छ-स्वस्थ भोजन करना चाहिए। दूसरों के साथ भोजन साझा करने से पहले यह जान लेना चाहिए कि वे ऐसा चाहते भी हैं या नहीं? हमें साथ में खाना खाते समय शिष्टता का पूरा ध्यान रखना चाहिए। अकेले में खामोशी से नहीं, एक-दूसरे से बातचीत करते हुए लंच या डिनर करना चाहिए।

अपने सामान का खुद रखें ध्यान: ग्रुप टूर के समय साथ में बहुत से लोग होते हैं, ऐसे में हमें अपने सामान का ध्यान रखना चाहिए, उसे सुरक्षित रखना चाहिए। साथ ही हमें दूसरे जगह पर निकलने से पहले अपने सामान को सही तरीके से पैक करना चाहिए। यात्रा के दौरान साथी यात्रियों का भी ध्यान रखना चाहिए।

किसी भी सहयात्री को न हो परेशानी: ग्रुप टूर करते समय इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आपके कारण किसी को कोई तकलीफ-परेशानी नहीं हो। आप शिष्टाचार का पालन करके, सबके साथ अपना स्नेह-प्रेम भरा व्यवहार करके अपनी जर्नी को सुखद और यादगार बना सकती हैं। यात्रा के दौरान हमें अपने अनुभवों को साझा करना चाहिए, दूसरों के साथ अच्छे रिश्ते बनाने का प्रयास करना चाहिए। इससे आपकी यात्रा मीठी यादों से भर उठेगी।

खबर संक्षेप

दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग, महर्षि दयानन्द एवं वैदिक अध्ययन केंद्र तथा छात्र कल्याण विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में महर्षि दयानन्द सरस्वती की द्वि शताब्दी के अवसर पर चल रही द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का सोमवार को समापन हुआ। जिसमें विभिन्न विशिष्ट विद्वानों ने अपने वक्तव्य प्रस्तुत किये जिसमें क्रमशः प्रथम सत्र में प्रो. वीरेंद्र अलंकार ने /"महर्षि दयानंद का लेखन/" विषय को प्रस्तुत किया तथा महर्षि दयानंद कृत सत्यार्थ प्रकाश द्वारा समाज में प्रभावित अनेक घटनाओं का वर्णन करते हुए सायण द्वारा कृत भाष्य को वेदार्थ प्रतिकूल बताकर महर्षि दयानंद द्वारा वेदार्थ अनुकूल भाष्य के संदर्भ में मंत्र व्याख्या प्रस्तुत कर अनुसंधान की उत्तम एवं गंभीर प्रक्रिया का प्रतिपादन किया। प्रो. योगेन्द्र धामा ने महर्षि दयानन्द का स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान विषय को प्रस्तुत किया।

डीबीटी के माध्यम से लाभार्थी के खाते में हस्तांतरित की जा रही सहायता राशि

सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने को बनाया गया पारदर्शी तंत्र

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त की जारी
- 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का पीएम ने लिया है संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में पारदर्शी तंत्र विकसित करके यह सुनिश्चित किया है कि पात्र लोगों तक योजनाओं का पूरा लाभ पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा डीबीटी के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त बिहार से जारी की है, जिससे प्रदेश के किसानों को भी लाभ मिला है। सरकार द्वारा समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा महम स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में आयोजित जिला स्तरीय किसान सम्मान सम्मेलन में बतौर मुख्यातिथि उपस्थितगण को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खाते में सहायता राशि हस्तांतरित की जाती है ताकि पात्र व्यक्तियों को पूरा लाभ मिल सके। ऐसा करने से बिचौलियों से राहत मिली है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग गरीब, मजदूर, किसान, दलित इत्यादि के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। केंद्र व प्रदेश सरकार ईमानदारी से इस संकल्प को पूरा करने के लिए कृतसंकल्प है। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत वर्षभर में पात्र किसानों को तीन किस्तों में 6000 रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाती है।इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रदीप कौशिक, महंत सतीश दास, महम ब्लॉक समिति के चेयरमैन नवनीत राठी, नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, कृषि उपनिदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, एसडीओ संदीप मलिक, बीएओ डॉ. संदीप नांदल, एडीओ डॉ. मोनिका परासर, अजीत अहलावत सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

पक्के घर से वंचित व्यक्तियों का किया जा रहा है सर्वेक्षण

धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गांवों में पक्के घर से वंचित ऐसे व्यक्तियों का सर्वेक्षण किया जा रहा है, जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम है। सरकार द्वारा ऐसे पात्र लोगों को घर के निर्माण के लिए सहायता राशि उपलब्ध करवा रही है। सरकार द्वारा पंचायती भूमि पर ऐसे लोगों को प्लॉट भी उपलब्ध करवा रही है। उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा कि पीएम सूर्य घर मुफ्त योजना के तहत दो किलोवाट तक सोलर कनैक्शन के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति को कुल लागत एक लाख 30 हजार रुपए में से 70 हजार रुपए केंद्र सरकार तथा 60 हजार रुपए राज्य सरकार द्वारा अनुदान राशि दी जा रही है।

हरियाणा में भाईचारा रहा है मजबूत: रामचंद्र

रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि हरियाणा में मजबूत भाईचारा रहा है तथा ऐसा भाईचारा उन्होंने देश ही नहीं बल्कि विश्व में कही भी नहीं देखा है। सभी वर्ग भाईचारे की भावना को प्रबल करने की दिशा में कार्य करें ताकि सभी का चहुंमुखी विकास हो। प्रदेश में प्राचीन समय से सहकारिता की बड़ी व्यवस्था रही है, जिससे हर वर्ग को संबल मिला है। उन्होंने उपस्थितगण का आह्वान किया कि वे पेयजल कनेक्शन पर टूंटी जरूर लगाए। ऐसा करने से जहां एक गली की नालियों में बहने वाले जल की बर्बादी रुकेगी वहीं दूसरी ओर सभी को पर्याप्त पेयजल मिलेगा तथा तालाब ओवरफ्लो नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि समाज अपनी नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए तालाबों की सफाई करवाएं। हर व्यक्ति अपने घर बिजली का कनेक्शन लेकर जरूरत के अनुसार बिजली का उपयोग करें तथा बिजली बिल समय पर भरें। उन्होंने कहा कि अपने आसपास सफाई रखना, महिलाओं की सुरक्षा रखना तथा मां-बाप की सेवा करना हम सभी का धर्म है, जिससे हमें हरहालत में निभाना चाहिए।

न्यूज डायरी

महम। विजेता विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र प्रदान करते एचडी स्कूल खेड़ी महम के निदेशक कुलवंत नेहरा व अन्य शिक्षक। फोटो: हरिभूमि

प्रतियोगिता में लिलि व जैस्मिन सदन ने मारी बाजी

महम। एच.डी.सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल खेड़ी महम में सोमवार को कक्षा तीसरी से पांचवीं तक के बच्चों के लिए अंतर सदनीय विज्ञान व गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ उपप्रधानाचार्या इंदु नेहरा व निदेशक कुलवंत नेहरा ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद छात्राओं ने स्वागत गान की प्रस्तुति दी। इस दौरान उपप्रधानाचार्या ने कहा कि छात्रों के मार्ग दर्शन के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इससे छात्रों की अपने विषयों पर पकड़ मजबूत होती है तथा उनके ज्ञान में वृद्धि होती है। उन्होंने बताया कि अंतर सदनीय साइंस व मैथ्स क्विज में लिली व जैस्मिन सदन प्रथम, रोज व लोट्स सदन द्वितीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में विज्ञान व गणित अध्यापकों की भूमिका मुख्य रही।

कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में चार विद्यार्थी चयनित

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कॅरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी (सीएमबीटी) में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया, जिसमें चार विद्यार्थियों का चयन हुआ है। सीएमबीटी के निदेशक डा. हरि मोहन ने बताया कि प्रतिष्ठित कंपनी कायोवीवा बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, गुरुग्राम ने इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में विजिट की। कंपनी के डीजीएम ऋषि राज तथा क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक रवि कांत ने विद्यार्थियों से इंटरेक्शन किया।

इस कार्यक्रम में चार विद्यार्थियों- हिमांशी अरोड़ा, मेघा शर्मा, विनती फोगाट तथा पुनीत कुमार का चयन रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव, अकाउंट एग्जीक्यूटिव, कस्टमर रिलेशनशिप एग्जीक्यूटिव तथा रिलेशनशिप ऑफिसर, सेल्स के पद के लिए किया गया।

सर्वप्रिया सांगवान को "सर्वश्रेष्ठ पत्रकार" का सम्मान

रोहतक। रोहतक की होनहार बेटी डा. सर्वप्रिया सांगवान ने एक बार फिर हरियाणा का नाम पूरे देश में रोशन करने का काम किया है। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के भारत में डिजिटल वीडियो प्रसारणों की संपादक सर्वप्रिया सांगवान को इंडियन इंस्टीट्यूट आफ़ मास कम्युनिकेशन ने "वर्ष की सर्वश्रेष्ठ जर्नलिस्ट" पुरस्कार से नवाज़ा है। इस पुरस्कार में उन्हें डेढ़ लाख रुपये नक़द और स्मृति चिन्ह दिया गया है। यह अवॉर्ड नई दिल्ली के पंचतारा होटल में दिया गया। देश भर के सैंकड़ों पत्रकारों की प्रविष्टियों में से सर्वप्रिया की प्रविष्टि को ज्यूरी ने सर्वसम्मति से सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

न्यू विद्या भारती पब्लिक ने मनाई 25वीं वर्षगांठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

न्यू विद्या भारती पब्लिक स्कूल धामड़ ने सोमवार को 25वीं सिल्वर वर्षगांठ मनाई। इस मौके पर मुख्य अतिथि जाट शिक्षण संस्था के प्रधान गुलाब सिंह दिमाना और चित्तकारा टायर कंपनी के मालिक अजय चित्तकारा व विशिष्ट अतिथि मोखरा स्कूल प्रधानाचार्य अशोक मलिक ,पुलिस अधिकारी करतार सिंह दहिया , रिटायर्ड खेल शिक्षा अधिकारी अनिल हुड्डा , सरकारी लेक्चरर रेखा मलिक , पुलिस अधिकारी देवेंद्र हुड्डा , एडवोकेट अशोक दुहन उपस्थित रहे। इसके अलावा गॉंव के बड़े -बुजुर्ग व अभिभावकगण भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर छात्रों ने राष्ट्रीय एकता,पर्यावरण, शिक्षाप्रद और विभिन्न प्रान्तों की संस्कृति से जुड़े कविता,गीत-संगीत, समूहगान,नृत्य व नाटक आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसको सभी उपस्थित दर्शकों ने अपनी ऑंखों व हृदय से निहारा एवं विद्यार्थियों की प्रतिभा,लग्न व मेहनत की हृदय से सराहना की। कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने एकता और भाईचारे का संदेश दिया। स्कूल के गतवर्षों के 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को साइकिल व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को भी प्रोत्साहित पुरस्कार दिया गया। साथ ही आसपास के गांव में किसी भी स्कूल का छात्र जिसने गतवर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 90% से अधिक अंक प्राप्त किए हैं उन्हें भी स्कूल की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

पीएम किसान सम्मान निधि के छह वर्ष होने पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के छह वर्ष पूरे होने पर सोमवार को जिला स्तर पर महम व खण्ड स्तर पर लाखनमाजरा व सांपला में किसान सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लाइव कास्ट भी किया गया। इस स्कीम के तहत माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19वीं किस्त बिहार के भागलपुर से देशभर के 9.8 करोड किसानों के खाते में डायरेक्ट ट्रान्सफर की है। कृषि विभाग ने बताया है कि हरियाणा के 16,38,868 किसानों को इस बार 360,27,72,000 /- रुपये की राशि स्थानान्तरण की गई है। योजना के अन्तर्गत जिला के 68,333 किसान 15,45,58,000/- रुपये की राशि से लाभान्वित हुए हैं। जिला स्तरीय किसान सम्मान समारोह महम के खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के हॉल में डीसी धीरेन्द्र खडगटा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रामचन्द जागड़ा, सांसद राज्यसभा ने किसानों को संबोधित किया। इस आयोजन में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, रोहतक प्रदीप कौशिक, उप कृषि निदेशक सुरेन्द्र सिंह, उप मण्डल कृषि अधिकारी, संदीप सिंह व खण्ड कृषि अधिकारी महम, संदीप कुमार की उपस्थिति में 300 से अधिक किसानों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। इसके साथ ही खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी सांपला कार्यालय के हॉल में उप मण्डल अधिकारी (ना०), सांपला उत्सव आनन्द की अध्यक्षता में खण्ड स्तरीय 'किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे ब्लॉक समिति चैयरमैन, सांपला टीनू खत्री, सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी रोहतक बलवन्त सिंह, भूमि सर्वेक्षण अधिकारी अनिल अहलावत व खण्ड कृषि अधिकारी सांपला कुलदीप की उपस्थिति में 100 से अधिक किसानों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

शोधार्थियों को प्रोफेशनल होना होगा: प्रो.मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शोध कार्य की सामाजिक उपयोगिता होना जरूरी है। जरूरत है कि मानविकी एवं कला तथा विधि के क्षेत्र में शोध अंतर-विषयक तथा सामाजिक सरोकार उन्मुख हों। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामलों के अधिष्ठाता प्रो. ए.एस. मान ने ये आह्वान आज महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में स्वराज सदन में शोध प्रविधि कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए किया।एमडीयू के मानविकी एवं कला तथा विधि संकाय के नव प्रवेश प्राप्त शोधार्थियों के लिए आयोजित इस शोध प्रविधि कार्यशाला का बतौर मुख्यातिथि उद्घाटन करते हुए डीन प्रो. एएस मान ने कहा कि शोधार्थियों को प्रोफेशनल होना होगा। उन्होंने शोधार्थियों को अवधारणात्मक ज्ञान के साथ-साथ शोध के व्यावहारिक पहलुओं पर भी ध्यान देना होगा। इस कार्यशाला के संयोजक मानविकी एवं कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. रणदीप राणा ने स्वागत भाषण दिया। प्रो. राणा ने कार्यशाला बारे विस्तृत जानकारी दी। उद्घाटन सत्र में मंच संचालन संस्कृत विभाग के प्राध्यापक डा. रवि प्रभात ने किया।

समाधान शिविर में एडीसी ने सुनी समस्याए

रोहतक। अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के मौके पर उपस्थित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इन शिकायतों का यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इन शिविरों की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित शिकायतों का तुरंत निपटारा करने के निर्देश दिए। नरेंद्र कुमार स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस सभागार में सहायक आयुक्त प्रशिक्षु अभिनव सिवाच, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल के साथ समाधान शिविर में शिकायतें सुन रहे थे। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग, विकास एवं पंचायत, नगर निगम आदि विभाग समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का तुरंत समाधान करें तथा इसकी रिपोर्ट भी जिला प्रशासन को भिजवाएं। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे शहर में साफ-सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने लंबित शिकायतों के समाधान के लिए जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी लंबित शिकायतों का तुरंत निदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे नागरिकों को शुद्ध व पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें तथा सीवर की भी नियमित अंतराल पर सफाई करवाए। समाधान शिविर में पेंशन, भूमि रिकॉर्ड में शुद्धिकरण, परिवार पहचान पत्र में दर्ज वार्षिक आय को कम करवाने, आधार कार्ड में दर्ज नाम को सही करवाने, बिजली विभाग से संबंधित शिकायतों के अलावा नगर निगम, विकास एवं पंचायत आदि विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई।

COURT OF DALBIR SINGH (HCS), SUB-DIVISIONAL MAGISTRATE, MEHAM.

अदालती इश्तहार

इस अदालती इश्तहार द्वारा सर्वधाराण को सूचित किया जाता है कि मुकदमा नं. 6/Red. दिनांक 16-08-2023 अनुमान सुरेन्द्र सिंह पुत्र लख्मी चन्द निवासी रानी खेड़ा, उत्तर-पश्चिम दिल्ली बनाम प्रकाश लाल पुत्र लधाराम निवासी गांव चान्दी, तहसील लाखन माजरा, जिला रोहतक बाबत उप-मण्डल रहन निरस्त/रद्द करवाने खेवट नं. 578//527, खतौनी नं. 584 कुल 35 कनाल 10 मरले व खेवट नं. 579//529. खतौनी नं. 585 कुल 12 कनाल 9 मरले वाका मौजा चान्दी तहसील लाखन माजरा, जिला रोहतक इस न्यायालय में लम्बित है। प्रतिवादी प्रकाश लाल पुत्र लधाराम निवासी चान्दी, तहसील महम, जिला रोहतक को बजरिये समन तलब किया जा चुका है। परन्तु प्रतिवादी हाजिर अदालत नहीं आ रहा है। न्यायालय इस निष्कर्ष पर पंहुचा है कि प्रतिवादी की तलबी साधारण तरीके से नहीं हो पाई है इसलिए प्रतिवादी की तलबी बजरिये अखबार इश्तहार की जानी उचित है। अतः इस नोटिस द्वारा प्रतिवादी व आम जनता को सूचित किया जाता है कि वाद ग्रस्त भूमि में हितबद्ध प्रतिवादी या अन्य कोई व्यक्ति दिनांक 07-03-2025 को उप-मण्डल अधिकारी (ना.), महम के न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर होकर अपना पक्ष रख सकता है। हाजिर ना आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

अतः दिनांक 21-02-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर न्यायालय से जारी किया गया हैं।

हस्ता/-
उप-मण्डल अधिकारी (ना.),
महम

चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर प्रयोग की अनुमति जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार निकाय चुनाव के दौरान प्रत्याशी चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर, पब्लिक एड्रेस सिस्टम व अन्य साउंड एम्प्लीफायर के प्रयोग के लिए संबंधित निर्वाचन अधिकारी से पूर्व अनुमति लेनी होगी। अनुमति लेने के उपरांत केवल सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही चुनाव प्रचार में लाउडस्पीकर इत्यादि का प्रयोग किया जा सकता है। डीसी ने कहा है कि आयोग की हिदायतों अनुसार चुनाव प्रचार के लिए जनसभा के लिए वाहन पर फीट किये गए या स्थिर स्थिति में लगाये गए पब्लिक एड्रेस सिस्टम अथवा लाउडस्पीकर अथवा अन्य कोई साउंड एम्प्लीफायर का प्रयोग रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक नहीं किया जा सकता है। चुनाव प्रचार अथवा जनसभा अथवा जुलूस के लिए चलते वाहनों या स्थिर स्थिति में प्रयोग किये जा रहे सभी लाउडस्पीकर का प्रयोग केवल सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जा सकता है। बॉक्सडीसी ने कहा कि सभी राजनीतिक दल, उम्मीदवार तथा अन्य व्यक्ति को ट्रक, टैम्पो, कार, टैक्सी, वैन, तिपहिया स्कूटर, साइकिल रिक्सा इत्यादि वाहनों पर लगाये गए लाउडस्पीकर के बारे में सभी वाहनों के रजिस्ट्रेशन संख्या की जानकारी संबंधित अधिकारी को अनुमति प्राप्त करने के लिए देनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा है कि सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों व अन्य व्यक्तियों को संबंधित निर्वाचन अधिकारी से वाहनों या स्थिर स्थिति में प्रयोग किये जाने वाले लाउडस्पीकर की अनुमति लेनी होगी। स्थानीय पुलिस अर्थॉरिटी को लाउडस्पीकर के प्रयोग से पहले संबंधित अनुमति का पूर्ण विवरण लिखित में देना होगा। मोबाइल लाउडस्पीकर के मामले में वाहन का पंजीकरण संख्या को रिटर्निंग अधिकारी तथा स्थानीय पुलिस अर्थॉरिटी के पास भी दर्ज करवाना होगा। उपायुक्त ने बताया कि बिना अनुमति अथवा अनुमति में वर्णित घंटों के अलावा लाउडस्पीकर का प्रयोग करने पर अधिकृत अर्थॉरिटी द्वारा लाउडस्पीकर जब्त कर लिया जायेगा।

प्रकाशक और मुद्रक के विवरण के बिना चुनाव सामग्री का न करें प्रकाशन

उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा ने कहा है कि जनप्रतिनिधि अधिनियम 1951 की धारा 127 ए के प्रावधानों के अनुसार प्रकाशक व मुद्रक के नाम व पता के बिना चुनाव प्रचार सामग्री का प्रकाशन नहीं किया जा सकता है। चुनाव प्रचार सामग्री प्रकाशित करने के लिए आयोग की सभी हिदायतों का पालन करना अनिवार्य है। चुनाव प्रचार सामग्री का प्रकाशन करते समय प्रकाशक को न केवल अपनी पहचान देनी होगी बल्कि हस्ताक्षर के साथ उन दो लोगों से सत्यापन भी कराना होगा, जो उसे व्यक्तिगत रूप से जानते हों। अगर पम्पलेट अथवा पोस्टर राज्य की राजधानी में छापा जाता है तो मुद्रक को एक तर्क संगत समय में छापे गये कागजात की प्रति मुख्य चुनाव अधिकारी को भेजनी होगी। यदि जिला में छपाई की जाती है तो उस स्थिति में कागजात की प्रति जिला मजिस्ट्रेट को प्रेषित करनी होगी। इसी प्रकार से अगर प्रकाशित किये गये पोस्टर अथवा पम्पलेट की फोटो प्रतियां की जाती है तो उसे छपाई की श्रेणी में ही शामिल किया जायेगा बशर्ते वह हाथ से न लिखी गई हो।

नियमों के उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि चुनाव पम्पलेट व पोस्टर का अर्थ वह प्रकाशित पम्पलेट, हैंडबिल या अन्य कागजात है, जो प्रत्याशी अथवा प्रत्याशियों के समूह को प्रोत्साहित करने के लिए वितरित किया जाता है लेकिन इसमें चुनाव की बैठक की तिथि, समय, स्थान व अन्य विवरण या चुनाव एजेंटों को दिये जाने वाले निर्देशों के लिए तैयार किये गये प्ले कार्ड अथवा पोस्टर को इसमें शामिल नहीं किया जायेगा। यदि कोई मुद्रक या प्रकाशक उपरोक्त निर्देशों की अवहेलना करता है या इनकी अनुपालना नहीं करेगा तो इसे गंभीर माना जायेगा और उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

धनपति देवी चैरिटेबल बच्चों को करवाएगा नि:शुल्क पढ़ाई

रोहतक। माता धनपति देवी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 19 वर्षों से गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आर्थिक स्थिति से कमजोर छात्र-छात्राओं की पढ़ाई निशुल्क करवाएगा। कक्षा पांचवी से दसवीं के छात्र-छात्राएं फार्म ट्रस्ट की नई बिल्डिंग से प्राप्त करें जो कि जांगड़ा स्कूल के पास है।

MUNICIPAL COMMITTEE, MEHAM

सार्वजनिक सूचना / मुनादी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका महम कार्यालय में रखे कन्डम/ नकारा सामान की खुली बोली दिनांक 05.03.2025 को प्रातः 11:00 बजे नगरपालिका महम कार्यालय परिसर में की जानी निश्चित है। इच्छुक व्यक्ति किसी भी कार्य दिवस में सामान एवं बोली की शर्तें कार्यालय नगरपालिका महम में देख सकते हैं।

हस्ता /-सचिव,
नगरपालिका, महम।

Format C-1

(for candidates to publish in Newspapers, local TV channels or cable networks)

DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and address of candidate: **BALRAJ SINGH S/O MR. RAJ SINGH R/O H.No. 875-A, VPO- KHERI SADH, DISTT. ROHTAK**
Name of political party: **INDEPENDENT**
(Independent candidates should write "Independent" here)
*Name of Election: **MUNICIPAL COUNCILLOR, WARD NO. 13, ROHTAK**
1. **BALRAJ SINGH** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

Sl. No.	Pending criminal cases			Details and about cases of conviction for criminal offences	
	Name of Court	Case No. and status of case	Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s)	Name of Court & date(s) of order(s)	Description of offence(s) & punishment imposed
1	SH. AMIT SHEORAN. JMIC, ROHTAK	CHA/685/2022 FIR NO. 95 Dated 12.03.2021 POLICE STATION IMT, ROHTAK	U/S 10HDRA Act	Pending with Court	Charge not Framed

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित करवाई जा रही विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत निषेधाज्ञा आदेश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिलाधीश धीरेंद्र खडग़टा ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 27 फरवरी से आगामी 29 मार्च 2025 तक आयोजित करवाई जा रही विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा आदेश जारी किए है। बोर्ड द्वारा माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक व डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजुकेशन के प्रथम व द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं आयोजित करवाई जाएगी। इन परीक्षाओं को शांतिपूर्ण व नकल रहित संपन्न करवाने के दृष्टिगत यह आदेश जारी किए है।जिलाधीश द्वारा जारी आदेश के तहत जिला रोहतक में स्थित परीक्षा केंद्रों की 100 मीटर की परिधि में पांच या अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, हथियार व विस्फोटक जैसे तलवार, गंडासा, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, जैली, चाकू व अन्य हथियार लेकर चलने पर पाबंदी लगाई गई है तथा इस परिधि में स्थित जिरोक्स, फोटोस्टेट दुकानें, डुप्लीकेटिंग सुविधा, साइबर कैफे तथा ट्रांसमिटिंग गतिविधियां आगामी 29 मार्च 2025 तक परीक्षा अवधि के दौरान बंद करने के निर्देश दिए गए है। हालांकि यह आदेश पुलिस तथा ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

घर से बाहर भी महिलाओं को सम्मान दें : पूनम आर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सार्वदेशिक आर्य युवक परिषद् तथा बेटी बचाओ अभियान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित बेटी बचाओ चतुर्वेद पारायण महायज्ञ में दूसरे सोमवार को बेटी बचाओ अभियान की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन पूनम आर्या ने उद्धबोधन देते हुए कहा कि मां, बहन व बेटी के मान, सम्मान व स्वाभिमान की सुरक्षा की जिम्मेदारी आज के युवाओं को लेनी चाहिए। जिस तरह से आप अपने घर के अंदर अपने परिवार की महिलाओं को सम्मान देते हैं उसी तरह घर से बाहर भी महिलाओं को सम्मान दें। जिस दिन यह मनोवर्ती बन जायेगी उसी दिन यह समाज एक आदर्श व श्रेष्ठ समाज बन जाएगा। उन्होंने बताया कि आज समाज दोहरी मानसिक्ता से चल रहा है। एक तरफ बेटियों को बचाने की बात करता है वहीं उसके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करता है। बेटों के मुकाबले कम आंकता है। लेकिन जब भी देश के मान सम्मान को सुरक्षित रखने की बात आती है तो बेटियां पीछे नही रहती।

गुरुकुल बरनावा के स्नातक वेदपाठी अमित शास्त्री ओर अंकित शास्त्री ने ईश्वर भक्ति के भजन यज्ञ के उपरांत सुनाये। ग्रामीण महिलाओ ने कन्या भ्रूण हत्या, नशाखोरी, धार्मिक अंधविश्वास, जातिवाद ओर सांप्रदायिकता के विरुद्ध संकल्प हेतु आहुति डाली। इस अवसर पर मुख्य यजमान अजय कुंडू एवं प्रीति आर्या, जिले सिंह आर्य, बलजीत आर्य, सुदेश, पूनम कुंडू, शीला कुंडू, रोशनी, कमलेश, रश्मि देवी आदि उपस्थित रहे। बेटी बचाओ महायज्ञ की मुख्य संयोजक बहन प्रवेश आर्य ने बताया कि इस यज्ञ की पूर्णाहुति अन्तरराष्ट्रीय आर्य महासम्मेलन के अवसर पर 9 मार्च को होगा।

गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली विकास में निभा सकती है अहम भूमिकाः वेदप्रकाश

महायज्ञ के ब्रह्मा स्वामी वेदप्रकाश ने कहा कि लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति की जगह गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली देश के सामाजिक, आध्यत्मिक व आर्थिक विकास में अहम् भूमिका निभा सकती है। आधुनिक शिक्षा प्रणाली अफसर तो बना सकती है पर इंसान भी बना दे, इस बात की कोई गारंटी नही। देश के विकास में संवेदनहीन अधिकारी की जगह पर संवेदनशील सामान्य व्यक्ति ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

देवी लाल पार्क में वेस्ट टू वंडर पार्क का कार्य शुरू

रोहतक। नगर निगम आयुक्त धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि पूर्व में स्वच्छ सर्वेक्षण-2024 के कार्य की समीक्षा की बैठक के दौरान निर्देश दिए गए थे कि रोहतक शहर के तीन स्थानो पर वेस्ट टू वंडर पार्क बनाया जाये। तकनीकी शाखा के अधिकारियो द्वारा सैक्टर-1 स्थित ताऊ देवी लाल पार्क के अंदर पुराने टायरों, प्लास्टिक, बोतलों आदि सामान का इस्तेमाल कर वेस्ट टू वंडर पार्क बनवाया जा रहा है जिसके सौन्दर्यकर्ण के लिए फूलों के पौधे भी लगवाये जा रहे हैं। वेस्ट टू वंडर पार्क बनाने से पार्क की सुन्दरता और अधिक बढ़ी है और वहां पर भ्रमण करने वालो को यह काफी अच्छा लगेगा। इसके अतिरिक्त कार्यकारी अभियंता नगर निगम को निर्देश दिए गए है कि अन्य पार्कों में भी वेस्ट टू वंडर पार्क बनवाने के लिए प्रर्यासरत रहे। उन्होंने बताया स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के सभी मदो पर कार्य किया जायेगा तथा जनभागीदारी के तहत स्वच्छता का कार्य किया जायेगा। नगर निगम स्वच्छता में निरंतर कार्य कर रहा हैं तथा हमारा प्रयास श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने का रहेगा, जोकि आमजन व आप सभी के प्रयास के बिना संभव नहीं है।

खबर संक्षेप

गांव सांघी में लगाया निशुल्क जांच कैंप

रोहतक। मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से संचालित विमल प्रसाद जैन एवं सुशीला देवी जैन फिजियोथैरेपी सेंटर पर सांघी गांव में फ्री कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने आकर अपने जोड़ों के दर्द की जांच करवाई। जिसमें से काफी सारे लोगों का मौके पर ही इलाज किया गया। संस्था के संचालक तस्वीर हुड्डा ने बताया कि इस कैंप का आयोजन हर सप्ताह सांघी गांव के बस अड्डे के नजदीक किया जाता है। जिसके अंदर कोई भी व्यक्ति आकर अपने जोड़ों के दर्द की फ्री में जांच करवा सकता है। साथ ही डॉक्टरों से परामर्श ले सकता है। कैंप में ये सारी सुविधा बिल्कुल फ्री दी जाती है। संस्था के कोषाध्यक्ष नवनीत हुड्डा ने बताया कि इस निशुल्क कैंप का आयोजन जिले के प्रसिद्ध उद्योगपति और समाजसेवी राजेश जैन की तरफ से किया जा रहा है। जिसका संचालन मां दानो देवी धर्मार्थ ट्रस्ट की तरफ से किया जाता है। राजेश जैन हमेशा समाजसेवा से जुड़े कामों में आगे रहते हैं।

संजय कॉलोनी में वारदात, हर एंगल से जांच कर रही पुलिस

भाई ने बहन की कुल्हाड़ी से वार कर की हत्या

पुलिस को फोन कर कहा-गिरफ्तार कर लो मुझे, मानसिक रूप से परेशान थी 29 वर्षीय रितु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर की संजय कालोनी में एक भाई ने अपनी ही बहन की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी। इसके बाद भाई ने पुलिस को फोन करके सूचना दी कि मैंने अपनी बहन की कुल्हाड़ी से वार करके हत्या कर दी, मुझे गिरफ्तार कर लो। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मृतक युवती की पहचान 29 वर्षीय रितु के रूप में हुई और वह मानसिक रूप से परेशान थी। जिससे परेशान होकर भाई ने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल मौके पर एफएसएल की टीम जांच में जुटी है और आसपास लोगों से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को शाम एक भाई ने अपनी बहन की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी भाई ने पुलिस को सूचना दी। आरोपी योगेश शौरी मार्केट में एक कपड़े की दुकान पर काम करता है और वह शाम को जैसे ही घर पर पहुंचा तो उसकी बहन के हाथ में कुल्हड़ी थी और फिर युवक ने बहन से कुल्हाड़ी छिन कर उस पर वार कर दिया। जिसके बाद वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। फिर देखा कि वह मर चुकी है तो इसके बाद आरोपी ने अपने फोन से ही पुलिस कंट्रोल में रूम सूचना दी। शहर थाना पुलिस व एफएसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। शव को पीजीआई में रखवा दिया है और मंगलवार को पोस्टमार्टम करवाकर आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोपित ने पुलिस से पूछताछ में बताया कि मानसिक तौर पर रोगी होने के कारण गुस्से में रितू ने पहले कुल्हाड़ी लेकर अपनी ही मां के ऊपर हमला किया था। इससे पहले भी मां परेशान होकर अपने घर चली गई थी और अब यह घटना सुनकर जैसे ही योगेश घर आया तो बहन के साथ झगड़ा हो गया। इसी झगड़े में भाई के हाथों बहन की हत्या हो गई। फिलहाल पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

रोहतक। मौके पर जांच करते एफएसएल टीम डॉ सरोज दहिया व पुलिस अधिकारी।
फोटो : हरिभूमि

शव को कब्जे में लेकर शवगृह भेजा

आरोपी योगश ने अपनी बहन की हत्या करके पुलिस को फोन करके सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और शव को कब्जे में लेकर पीजीआई के शवगृह में रखवा दिया है। आगे की कार्रवाई पोस्मार्टम के बाद की जाएगी।
-राजकुमार, सिटी थाना प्रभारी

बेटी का मां से हुआ था झगड़ा

आरोपी योगेश ने बताया कि रितू के साथ मां का झगड़ा हो गया था। जिसके बाद मेरी मां अपने मायके सैनी आनंदपुरा चली गई और वहां से मुझे योगेश को फोन किया था। मां से बात होने के बाद वह घर गया और बहन के साथ झगड़ा हो गया। इसी झगड़े में मेरे हाथों बहन की हत्या हो गई।

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में स्कॉलरशिप टेस्ट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

- विभिन्न विद्यालयों से 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सांगवान इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा पहली से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए स्कॉलरशिप टेस्ट आयोजित किया गया। जिसमें सांगवान स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 800 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में ज्ञान, कौशल और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना था। टेस्ट के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने लोकगीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए। स्टेज का संचालन ऋतु विज, वंदना कंबोज, राकेश कुमार एवं बारहवीं के छात्र आलोक ने किया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी मंच पर अपने विचार सांझा कर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 3100 रुपये, द्वितीय स्थान 2100 रुपये, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 1100 रुपये व 500 रुपये की नकद राशि, सम्मान पत्र व शील्ड के साथ प्रत्येक कक्षा से सर्वश्रेष्ठ पांच-पांच विद्यार्थियों को प्रबंधक राजेश सांगवान व प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान द्वारा सम्मानित किया गया। स्कॉलरशिप टेस्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए लकी ड्रा भी निकाला गया, जिसमें विजेताओं को शानदार उपहार दिए गएः कक्षा दसवीं की छात्रा छवि ने बिजली से चलने वाली स्कूटी, कक्षा चौथी की छात्रा शानवी ने साइकिल, कीर्ति कक्षा छठी की छात्रा ने स्टेशनरी एवं स्कूल बैग प्राप्त किया।

नशे की लत के उपचार के प्रभावी तरीकों पर की चर्चा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम, सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज तथा अंकुश फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आज एडिक्शन केस मैनेजमेंट/" पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई। एनआईएसडी, मिनिस्ट्री ऑफ सोशल जस्टिस एंड एम्पावरमेंट (भारत सरकार) के सहयोग से एमडीयू के सीडीओई कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित इस दो दिवसीय कार्यशाला का उद्देश्य नशे की लत से संबंधित समस्याओं के समाधान और उपचार के प्रभावी तरीकों पर चर्चा करना था। इस कार्यक्रम में विभिन्न विशेषज्ञों, चिकित्सकों और मनोवैज्ञानिकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला में सुबह के सत्र में प्रतिष्ठित मनोचिकित्सक डॉ. हरीश वशिष्ठ और क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ. मंजीत ने नशे के विभिन्न प्रकार, जैसे कि शराब, मादक पदार्थ, और गेमिंग एडिक्शन पर विस्तार से जानकारी दी तथा परिवार, समुदाय और पेशेवर मदद के माध्यम से मरीजों को ठीक करने की प्रक्रिया को समझाया।

प्रैक्टिस विद्यार्थियों के दक्षता विकास में सहायक

रोहतक। उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा के दिशा निर्देशन एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की देखरेख में चलाए जा रहे निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत कक्षा बाल वाटिका से कक्षा 5 के विद्यार्थियों के साथ लगातार दक्षता आधारित शिक्षण कार्य करवाया जा रहा है। शैक्षणिक सत्र 2024 25 के लिए निर्धारित 24 सप्ताह की वार्षिक योजना पूरी हो चुकी है। और कक्षा 1 से 5 तक विद्यार्थियों की वार्षिक मूल्यांकन परीक्षा 17 मार्च से होनी प्रस्तावित है। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह द्वारा लगातार सभी अध्यापकों को यह संदेश दिया जा रहा है कि कठिन दक्षताओं पर बच्चों के साथ लगातार उपचारात्मक शिक्षण किया जाए एवं उनकी बार-बार प्रैक्टिस करवाई जाए। ताकि बच्चा सीखने में आ रही कठिनाइयों को पार कर दक्षता में निपुण हो सके। जिला निपुण समन्वयक रूपांशी हुड्डा ने बताया कि इसी कड़ी में बाल वाटिका से कक्षा 5 की वार्षिक परीक्षा एवं पुनरावृत्ति की विषय और कक्षाओं की तैयारी करवाने हेतु निदेशालय द्वारा भी निर्देश जारी किए गए जिनकी सूचना सभी खंड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से सभी अध्यापकों तक पहुंचाई जा चुकी है। इस आदेश में सभी शिक्षकों को निर्देशित किया गया है।

शिविर में 117 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांचा

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी आउटरीच कार्यक्रम तथा यूथ रेड क्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाली आनंदपुर गांव में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। एलपीएस बोसार्ड, होली हार्ट अस्पताल तथा ईश्वर नेत्र अस्पताल के सहयोग से आयोजित इस स्वास्थ्य जांच शिविर में 117 ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। वाईआरसी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. अंजू धीमान, चीफ कंसल्टेंट यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रो. राजकुमार, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम में प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस सुनील जागलान, यूनिवर्सिटी आउटरीच प्रोग्राम के उप निदेशक डा. कर्मवीर श्योकंद तथा एनसीसी इंचार्ज डा. विकास सिन्धु ने स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन एवं समन्वयन किया। प्रो. अंजू धीमान व प्रो. राजकुमार ने बताया कि यह जांच स्वास्थ्य शिविर न केवल ग्रामीण समुदाय के लिए लाभकारी रहा, बल्कि समाज कल्याण और स्वास्थ्य जागरूकता का सार्थक संदेश भी इस कार्यक्रम के जरिए दिया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में हड्डी रोग विशेषज्ञ (ऑर्थोपेडिक), बाल रोग विशेषज्ञ (पीडियाट्रिक), हृदय रोग विशेषज्ञ (कार्डियोलॉजिस्ट), सामान्य चिकित्सा (जनरल मेडिसिन) और फिजियोथेरेपिस्ट जैसे अनुभवी डॉक्टरों ने ग्रामीणों की जांच की और आवश्यक परामर्श दिया। शिविर आयोजन में प्रमुख चिकित्सक- डॉ. आकाशी कतयाल, डॉ. विजय भुरा, डॉ. निशा, डॉ. जतिन अरोड़ा, डॉ. चेतन और उनके स्टाफ ने विशेष सहयोग दिया।

नगर निगम रोहतक व नगर पालिका कलानौर चुनाव के दृष्टिगत किया ईवीएम का दूसरा रेंडोमाइजेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, नगर निगम के सामान्य पर्यवेक्षक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक राज नारायण कौशिक, नगर निगम की निर्वाचन अधिकारी मेजर गायत्री अहलावत, नगर पालिका कलानौर के निर्वाचन अधिकारी दलबीर फौगाट, सहायक निर्वाचन अधिकारियों एवं राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेंडोमाइजेशन किया गया। इस रेंडोमाइजेशन के दौरान बैलेट यूनिट व कंट्रोल यूनिट की यूनिट गठित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त धीरेंद्र खडग़टा, नगर निगम के सामान्य पर्यवेक्षक तथा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के महानिदेशक राज नारायण कौशिक व अन्य संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियों कांफ्रेंस हाल में नगर निगम रोहतक तथा नगर पालिका कलानौर के आम चुनाव के तहत इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीनों का द्वितीय रेंडोमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर नगर निगम की निर्वाचन अधिकारी मेजर गायत्री अहलावत तथा नगर पालिका कलानौर के निर्वाचन अधिकारी दलबीर फौगाट के अलावा नगराधीश अंकित कुमार, नगर निगम की सहायक निर्वाचन अधिकारी श्वेता सुहाग, विपिन कुमार, राजेश भारद्वाज, गगन पांडे, विजय दलाल आदि मौजूद रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि नगर निगम के महापौर तथा सदस्यों के लिए अलग-अलग ईवीएम प्रयोग की जाएगी तथा इसी प्रकार नगर पालिका कलानौर के चेयरमैन व सदस्यों के चुनाव के लिए अलग-अलग ईवीएम प्रयुक्त होंगी। द्वितीय रेंडोमाइजेशन में नगर निगम के 285 मतदान केन्द्रों के लिए 750 बैलेट यूनिट व 750 कंट्रोल यूनिट तथा नगर पालिका कलानौर के 16 मतदान केन्द्रों के लिए 50 बैलेट यूनिट एवं 50 कंट्रोल यूनिट का रेंडोमाइजेशन किया गया।

2 मार्च को चुनाव

डीसी धीरेंद्र खडग़टा ने कहा कि हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी चुनाव कार्यक्रम के अनुसार नगर निगम तथा कलानौर नगर पालिका के आम चुनाव के तहत 2 मार्च को सुबह 7 बजे से सांय 6 बजे तक मतदान होगा। मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व अर्थात 28 फरवरी को सांय 6 बजे चुनाव प्रचार बंद हो जाएगा। आगामी 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी तथा मतगणना संपन्न होते ही चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। जिला प्रशासन द्वारा निकाय चुनाव में तैनात किए गए अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5×8 सें.मी 10×8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

चुनाव | महम बार एसोसिएशन चुनाव के समीकरण बदले

8 बार प्रधान रह चुके रोहतास राठी ने रवि शंकर सोनी पैनल को दिया समर्थन

हाईकोर्ट पहुंचा वोटर लिस्ट का विवाद, उच्च न्यायालय के आदेश पर कटे 16 वोट

- महम बार के चुनाव अधिकारी कल करेंगे नई सूची जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

महम। बार एसोसिएशन चुनाव में प्रधान पद के उम्मीदवार एडवोकेट रविशंकर सोनी व उनके पैनल का समर्थन करते 8 बार प्रधान रह चुके सीनियर एडवोकेट रोहतास राठी।
फोटो : हरिभूमि

28 फरवरी को होने वाले बार एसोसिएशन महम के चुनाव में नित नए समीकरण बन रहे हैं। सोमवार को महम में वकीलों के चुनाव में नया घटनाक्रम हुआ। 8 बार महम बार एसोसिएशन के प्रधान रह चुके वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतास राठी ने एडवोकेट रवि शंकर सोनी के पैनल का समर्थन कर दिया है। अभी तक महम के सीनियर वकील रोहतास राठी ने चुनाव को लेकर अपने पत्ते नहीं खोले थे। लेकिन सोमवार सुबह ही उन्होंने रवि शंकर सोनी को अपने चैंबर में बुलाया और उनको व उनके पैनल को समर्थन देने की घोषणा की। उन्होंने रवि शंकर सोनी के साथ खड़ा होकर विजयी चिन्ह बनाया और पत्रकारों को बुलाकर समर्थन बारे बयान दिया। रोहतास राठी ने कहा कि सोनी बार के निवर्तमान प्रधान हैं। उनके कार्यकाल में वकीलों के कल्याण के लिए काफी काम हुआ है। यदि वे फिर से प्रधान चुने जाते हैं तो यह महम के वकीलों के लिए बहुत ही फायदेमंद रहेगा।

क्योंकि एडवोकेट सोमबीर गोयत ने हाईकोर्ट में महम बार एसोसिएशन की मतदाता सूची को चुनौती दी थी। कहा था कि 16 वकील ऐसे हैं, जो जींद बार एसोसिएशन चुनाव में अपने वोट डाल चुके हैं। अब उनको यहां वोट डालने से रोका जाना चाहिए। अब पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा को मतदाता सूची से 16 नाम हटाने के आदेश जारी किए हैं। कल महम बार के चुनाव अधिकारी इस नई सूची जारी करेंगे। इस सूची में इसके अलावा भी 5-6 नाम और कट सकते हैं। अब यह सूची 383 से घटकर 361 हो सकती है।

चुनाव में रोजाना आ रहे दिलचस्प मोड़

हालांकि यह तो चुनाव के बाद ही पता चल पाएगा कि महम बार एसोसिएशन का प्रधान कौन चुना जाएगा। लेकिन रोजाना इस चुनाव में दिलचस्प मोड़ आ रहे हैं। एक तरफ पूर्व प्रधान प्रदीप ढाका चुनाव लड़ रहे हैं और जीत का दावा कर रहे तो दूसरी ओर रविशंकर सोनी अपने आप को जिताऊ उम्मीदवार बता रहे हैं। दोनों ही पैनल के बीच सीधा मुकाबला बना हुआ है। प्रदीप ढ़ाका को रंजना रापड़िया ने समर्थन दिया था। अब बार के सीनियर वकील अपने साथी वकीलों को लेकर रवि शंकर सोनी के पाले जाकर खड़े हो गए हैं। इस चुनाव के लिए बार काउंसिल ने 383 वोटों की सूची जा की थी। लेकिन अब यह सूची छोटी हो गई है।